हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 7 अक्टूबर 2024
[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]



मान. डॉ. रमन सिंह जी | मान. श्याम बिहारी जायसवाल जी | मान. अमर अग्रवाल जी | मान. संदीप साहू जी | मान. इंद्रसाव जी | मान. गौरीशंकर अग्रवाल जी | मान. डॉ. शिव कुमार डहरिया जी | मान. शिवरतन शर्मा जी | मान. डॉ. सनम जांगड़े जी | मान. प्रमोद शर्मा जी | मान. जनक राम वर्मा जी | मान. चितावर जायसवाल जी | मान. सुरेंद्र शर्मा जी | मान. शैलेश नितिन त्रिवेदी जी | मान. टंकराम वर्मा जी | मान. बृजमोहन अग्रवाल जी

CDTH Chanda Devi Tiwari Hospital

## सेवा- समर्पण- जनकल्याण का पर्याय

# चंदादेवी तिवारी हॉस्पिटल

PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH CERTIFIED

## 180 बिस्तरीय मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं कार्डिएक सेंटर

## नवीन परिसर के शुभारंभ पर समस्त अतिथियों का हार्दिक अभिनदंन.



### हमारे प्रेरणा स्रोत



पूज्य स्व. बंशराज तिवारी जी
पूर्व विधायक ब.बा.



पूज्य स्व. श्रीमती चंदादेवी तिवारी जी



डॉ. प्रमोद तिवारी



डॉ. नितिन तिवारी



डॉ. गीतिका शंकर तिवारी




डॉ. सुकृति तिवारी

### सर्व प्रथम उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाएँ

- स्टेट ऑफ द आर्ट एडवांस एंडोस्कोपी एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
- हैपा फिल्टर युक्त मॉड्यूलर आईसीयू, एनआईसीयू एवं ओटी
- कैथलैब (एंजियोप्लास्टी-एंजियोग्राफी)
- स्टेट ऑफ द आर्ट हाई एंड वेंटिलेटर मशीने
- फ्रेक्चर एवं ट्रामा यूनिट, एडवांस्ड आईवीएफ सेंटर
- नेआनेटल एवं पीडियाट्रिक सर्जरी यूनिट
- कैंसर सर्जरी एवं किमो थेरेपी यूनिट
- नार्मल एवं सीजेरियन प्रसव
- ह्रदय रोग विभाग
- हाई रिस्क प्रेगनेंसी
- किडनी एवं मूत्र रोग
- बर्न यूनिट, डायलिसिस यूनिट
- नेत्र चिकित्सा एवं ऑपरेशन थियेटर
- 4डी कलर सोनोग्राफी
- मॉडर्न पैथोलॉजी लैब, डिजिटल एक्स-रे
- मल्टी स्लाइस सी.टी. स्कैन
- 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा
- प्राइवेट सुइट्स एवं प्राइवेट आईसीयू







**प्रतीक्षारत -**
डॉ. गीतिका शंकर- डॉ. नितिन तिवारी
डॉ. सुकृति - डॉ. सौरभ कोचर
सोनल-अभिषेक तिवारी

**स्वागताकांक्षी-**
डॉ. अनामिका- डॉ. ऋतिक रायजादा, निवेदिता-डॉ. राहुल देव,
नेहा-डॉ. नरेंद्र कर्ष, कामिनी-डॉ. रोशन देवांगन, सपना-संजय पाण्डेय,
डॉ. मुकेश जैन, डॉ. डीगेश सेन, दीपक बांधेकर एवं सीडीटीएच परिवार

**विनीत -**
श्रीमती उषा- डॉ. प्रमोद तिवारी (पूर्व सीएमएचओ)
डॉ. प्रीति- गणेश शंकर मिश्रा (सेवा निवृत्त आईएएस)

**कार्यक्रम -सोमवार 7 अक्टूबर 2024, प्रातः 11 से शाम 7 बजे तक, सीडीटीएच परिसर सिटी कोतवाली के सामने, बलौदा बाजार**

## खबर संक्षेप

### लैलूंगा नगर पंचायत सीईओ निलंबित

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन विभाग ने लैलूंगा नगर पंचायत की सीईओ ममता चौधरी को निलंबित कर दिया है। उन पर यह कार्रवाई 2016-17 में डस्टबिन खरीदी में की गई अनियमितता के पुराने मामले में की गई है। मामले की जांच में उन पर लगा आरोप प्रमाणित पाया गया। उनसे 6 लाख 15 हजार 751 रुपए की आर्थिक क्षति की वसूली का निर्णय भी लिया गया है। उनकी दो वेतन वृद्धि भी रोकने का आदेश दिया गया था। इस आदेश की अवहेलना करते हुए मार्च 2024 से जुलाई 2024 तक पूरा वेतन आहरण किया गया। हाल ही में नगरीय पंचायतों की समीक्षा बैठक में गलत जानकारी दिए जाने का मामला सामने आने के बाद निलंबन कर उन्हें संयुक्त संचालक कार्यालय बिलासपुर में अटैच किया गया है।

### डब्ल्यूआरएस अस्पताल के स्टाफ का किया सम्मान




**रायपुर।** विश्व मानवाधिकार परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा डब्ल्यूआरएस अस्पताल के डॉक्टर्स एवं स्टॉफ का सम्मान किया गया। सीएमओ ने डॉ. मल्लेश, डॉ. युसुफ, डॉ. अवंति, डॉ. हेमंती के साथ नर्स और अन्य स्टॉफ को सम्मानित किया। इस अवसर पर मरीजों को जीवनरक्षक दवाएं, भोजन और पानी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अरुणा एवं अन्नू साहू ने किया। इस कार्यक्रम में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कुलवंत सिंह, उपाध्यक्ष सुशील झा, जिला अध्यक्ष ऋषभ शर्मा, डॉ. गीतिका, रूपेश एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाई महात्मा गांधी जयंती



**रायपुर।** सामाजिक संस्था नशामुक्ति महाभियान समिति द्वारा विगत 2 जुलाई 2023 से रायपुर राजधानी में लगातार नशे के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कोटा स्थित बीएसयूपी कॉलोनी में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नशामुक्ति अभियान भी चलाया गया।

### वर्सी महोत्सव में पहुंचे संत-महंत सीएम साय को भी आमंत्रण

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा हरदास राम साहेब का 33वें वर्सी महोत्सव में देशभर के तमाम धर्मस्थलों से संत, महंत, साधु शामिल होने पहुंचे हैं। वर्सी महोत्सव में छत्तीसगढ़ के 11 धामों के अलावा भारतवर्ष के 65 गोदड़ीवाला धामों में से अनेक श्रद्धालु और बाबा भक्तों का आगमन हो चुका है। नप्रतिनिधियों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सभी विधायकों व पूरे मंत्रिमण्डल को भी आमंत्रित किया गया है।

### भाजयुमो के सदस्यता रथ को केदार कश्यप ने किया रवाना

**रायपुर।** प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप ने रायपुर के कालीमंदिर से भाजयुमो के सदस्यता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा, युवा मोर्चा के इस अभियान से युवाओं का जुड़ाव भाजपा से अधिक से अधिक होगा। इसी कड़ी में महासमुंद में रथ को सांसद रूप कुमारी चौधरी ने हरी झंडी दिखाई। भाजयुमो ने प्रदेश भर में पांच लाख कदस्य बनाने के लिए शुक्रवार से रथ यात्रा प्रारंभ की है।

### 4 करोड़ 68 लाख की लागत से होंगे नए विकास कार्य

**रायपुर।** जोन 1 क्षेत्र के वार्ड नंबर 3, 4 एवं 5 में कई नए विकास कार्य होंगे। इन कार्यों के लिए 4 करोड़ 68 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने शनिवार को इन वार्डों में श्रीफल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर नए विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया।

# किताब घोटाले में कांग्रेस की जांच समिति ने जिला अध्यक्षों से मंगाई जानकारी

## डीईओ और बीईओ कार्यालय को वितरण के लिए दी गई किताबों में कितनी हुई डंप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में हुए डेढ़ सौ करोड़ से भी ऊपर के किताब महाघोटाले को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बनाई गई जांच समिति के निर्णय अनुसार छत्तीसगढ़ अंतर्गत सभी जिलों में शासकीय किताबों की जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने कांग्रेस जिला अध्यक्षों को पत्र जारी किया गया है। मामले में सात जिलों की पुस्तकों को रद्दी में बेचे जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद कांग्रेस सभी जिलों की जानकारी मंगा रही है।

कांग्रेस जांच समिति की बैठक में अब तक मामले की गई कार्रवाई पर चर्चा की गई। वहीं रायपुर जिले में कई स्कूलों में डंप पुस्तकों की जानकारी सामने आने के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्षों को पत्र लिखकर जानकारी मांगने का निर्णय लिया गया। उनसे यह जानकारी मांगी गई है कि जिला एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के कार्यालयों में वितरण हेतु कितनी शासकीय किताबें आयीं, कितनी आवंटन हुई और कितनी शेष बची हैं। अध्यक्षों को जिले के समस्त स्कूलों में व्यक्तिगत रूप से जाकर भी जानकारी उपलब्ध करने कहा गया है। बच्चों को पुस्तकों का वितरण हुआ है या नहीं और कहीं पुस्तकें डंप करके तो रखी नहीं गई हैं। पूरी जानकारी छत्तीसगढ़ किताब घोटाले की जांच समिति को पत्र के माध्यम से शीघ्र अतिशीघ्र अवगत कराने कहा गया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ प्रदेश को कलंकित करने वाले इस महाघोटाले के दोषियों के ऊपर जब तक कार्यवाही नहीं हो जाती तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। कांग्रेस इस लड़ाई को चरणबद्ध तरीके से जारी रखेगी। जांच समिति में पूर्व राज्य सभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, श्रीकुमार मेनन, उधोराम वर्मा और पप्पू बंजारे को रखा गया है।



### एसीएस रेणु पिल्ले से करेंगे मुलाकात

पुस्तक घोटाले के मामले में शासकीय जांच समिति की जांच पर संदेह जताते हुए कांग्रेस की जांच समिति ने तय किया है कि मामले में संलिप्त लोगों को हटाने की मांग को लेकर एसीएस रेणु पिल्ले से मिलेंगे। उनसे मिलकर समिति पाठ्यपुस्तक माफिया के बारे में श्वेतपत्र जारी करने, पाठ्यपुस्तक छपाई पर नई नीति बनाने की मांग, पाठ्यपुस्तक का छपाई भंडारण वितरण एवं प्राप्ति के समय दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग करेंगे। समिति का आरोप है कि सभी जिलों में 5 से 10 करोड़ की किताबों को डंप की गई हैं। पाठ्यपुस्तक निगम के गोदाम से करीब 2 लाख की किताबें अगस्त माह में ही कबाड़ियों को बेची गई थीं।

# 3000 किलो बिकेगा सोना, त्योहारी सीजन में सराफा बाजार में बरसेंगे 3000 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- चांदी की भी होगी जमकर खरीदारी, पुष्य नक्षत्र, धनतेरस पर ही होगा 15 सौ करोड़ का कारोबार

नवरात्रि के साथ ही त्योहारी सीजन का आगाज हो गया है। सराफा बाजार में इस समय जमकर लक्ष्मी की कृपा बरस रही है। वैसे इस बार तो पितृपक्ष में भी सराफा बाजार गुलजार रहा है, क्योंकि सोने और चांदी की लगातार बढ़ रही कीमतों के कारण ग्राहक कोई मौका नहीं गंवाना चाहते। जिसको जब मौका मिल रहा है, खरीदारी कर रहा है। इस बार नवरात्रि से लेकर दीपावली तक 3000 किलो सोना बिकने की संभावना है। सोने और चांदी का तीन हजार करोड़ का कारोबार होगा। ऐसे में चांदी भी थोक में हजारों किलो बिकेगी। चांदी की कीमत कम होने के कारण इसका कारोबार कम होता है।

सोने और चांदी की कीमत लगातार बढ़ रही है। इस समय सोना जहां 80 हजारी बनने की राह पर है, वहीं चांदी लखपति बनने बेकरार है। संभावना है कि पुष्य नक्षत्र से पहले सोने की कीमत 80 हजार और चांदी की एक लाख हो सकती है। वैसे इस समय कम से कम सोने की कीमत तो रिकॉर्डतोड़ चल रही है। पहली बार सोना 78 हजार के पार गया है। जहां तक चांदी का सवाल है तो चांदी की कीमत एक बार 97 हजार के पार जा चुकी है। चांदी अभी अपने पुराने रिकॉर्ड को पार नहीं कर सकी है।



### तीन हजार करोड़ के कारोबार की संभावना

इस बार त्योहारी सीजन में दीपावली तक छत्तीसगढ़ में तीन हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है। सोने की बढ़ती कीमत के कारण निवेशक भी लगातार खरीदारी कर रहे हैं। *- कमल सोनी, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन*

### यह है तीन टन सोना बिकने का गणित

सोने की कीमत इस समय 78 हजार रुपए दस ग्राम है। यह कीमत अगर 80 हजार तक गई तो कीमत 80 लाख रुपए किलो हो जाएगी।इस कीमत से हिसाब लगाया जाए तो दीपावली तक सोना तीन हजार किलो, यानी तीस क्विंटल मतलब तीन टन बिकेगा, क्योंकि कारोबारी दीपावली तक तीन हजार करोड़ के कारोबार की उम्मीद लगा रहे हैं। ऐसे में 80 लाख के हिसाब से 3000 किलो सोने की कीमत 24 सौ करोड़ होती है। इतने का सोना आराम से बिकेगा, संभावना इससे ज्यादा के बिकने की है, क्योंकि तीन हजार करोड़ की खरीदारी में चांदी की खरीदारी ज्यादा नहीं होगी। वैसे निवेशक रोज पांच करोड़ का निवेश जरूर चांदी में भी करते हैं। इसी के साथ चांदी के बर्तन, जेवर भी बिकते हैं। चांदी कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक सीजन में चांदी की बिक्री पांच सौ करोड़ के आस-पास होगी।

### पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर होगी ज्यादा खरीदारी

यूं तो छत्तीसगढ़ में सराफा बाजार में 50 से 60 करोड़ का कारोबार रोज होता है। इसमें से 50 फीसदी कारोबार निवेशकों का है। निवेशक 20 से 25 करोड़ का सोना खरीदते हैं। रोज की बिक्री ही करीब एक माह में 15 सौ करोड़ से ज्यादा की हो जाती है। बाकी की 15 सौ करोड़ की बिक्री का अनुमान पुष्य नक्षत्र और धनतेरस का है। इन दोनों दिनों में प्रदेश में आसानी से 15 सौ करोड़ का कारोबार हो जाता है। बीते साल भी इतने का कारोबार हुआ था। इस बार इससे ज्यादा कारोबार हो सकता है, सोने की बढ़ती कीमत के कारण शादियों के लिए भी अभी से जमकर खरीदारी हो रही है।

# इंडिगो का सर्वर डाउन, एयरपोर्ट पर मामूली असर, मैनुअली हुआ काम




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

इंडिगो एयरलाइंस का सर्वर डाउन होने की वजह से शनिवार को देशभर में हवाई यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। चेक इन की प्रक्रिया मैनुअली होने की वजह से विमानतल पर यात्रियों की भीड़ लगी। दोपहर साढ़े 12 बजे शुरू हुई परेशानी शाम साढ़े छह बजे के बाद सुधरी। सर्वर की परेशानी का असर उड़ान पर भी नजर आया।

सिस्टम में आई खराबी का बड़ा असर रायपुर विमानतल पर इसलिए नहीं हुआ, क्योंकि दोपहर में यहां विमानों की आवाजाही कम होती है। एक-दो फ्लाइट यहां पहुंची, जिसके यात्रियों को चेक इन की प्रक्रिया ऑफलाइन तरीके से पूरी करनी पड़ी। इसके साथ ही बोर्डिंग के लिए भी थोड़ी परेशानी उठानी पड़ी। इस दौरान यात्रियों की भीड़ नजर आई। शाम होने के बाद जब यहां यात्रियों की संख्या अधिक होती है, उस दौरान सर्वर की परेशानी में सुधार हो गया था। जानकार लोगों का कहना है कि इस परेशानी ने उन एयरपोर्ट के यात्रियों को ज्यादा जूझना पड़ा, जहां बड़ी संख्या में फ्लाइट की आवाजाही होती है। दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों के एयरपोर्ट पर यात्रियों की लंबी कतारें लगी रहीं।

# तोमर ने राज्य युवा आयोग अध्यक्ष का पदभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित प्रदेश के कई मंत्री और विधायक हुए शामिल

छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के नए अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने शनिवार को युवा आयोग कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, युवा एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व संगठन महामंत्री राम प्रताप सिंह, अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक गुरू खुशवंत साहेब, विधायक शुशांत शुक्ला शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, श्री तोमर प्रदेश के प्रत्येक शैक्षणिक संस्था व अन्य स्थानों पर युवाओं से मिलकर उन्हें एक धागे में पिरोकर छत्तीसगढ़ की उन्नति के लिए कार्य करवाएंगे। लगातार संगठन द्वारा दिए गए कार्यों को पूरा करने के लिए अपने से बड़ों का मार्गदर्शन लिया। उन्होंने कहा, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी पूरी लगन और मेहनत से निर्वहन करूंगा। कार्यक्रम में अनुराग अग्रवाल, अमरजीत छाबड़ा, उमेश घोरमोड़े, वैभव बैस, अमित मेशरी शाह उपस्थित थे।





# रात का पारा भी गर्म, मानसून की विदाई से ही मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- मौसम में शुष्कता दिलाएगी चिपचिपी गर्मी से निजात

बारिश थमने की वजह से दिन के साथ रात में भी तापमान बढ़ने की वजह से गर्मी महसूस हो रही है। माना जा रहा है कि अभी महसूस हो रही चिपचिपी गर्मी से निजात मानसून की विदाई के बाद ही मिल पाएगी। सिस्टम के आगे बढ़ने के बाद वातावरण में शुष्कता बढ़ेगी, जिससे मौसम में ठंडकता आएगी।



मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार, अभी वातावरण में 80 फीसदी से ज्यादा नमी है। तेज धूप की वजह से चिपचिपाहट बढ़ रही है और लोग असहज महसूस कर रहे हैं। दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री से ऊपर दर्ज किया जा रहा है और रात का पारा भी सामान्य से एक-दो डिग्री ज्यादा होकर 25 के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग विशेषज्ञों का कहना है कि इस असहजता भरी गर्मी से राहत के लिए मौसम का शुष्क होना जरूरी है।

यह तभी संभव है, जब मानसून यहां से विदा होगा, द्रोणिका के हटने के बाद नमी की मात्रा में कमी आएगी और मौसम ठंडा होगा। शनिवार को शहर में हल्के बादल छाए रहे, मगर दिन के अधिकतम तापमान पर इसका कोई खास असर नहीं हुआ। राज्य में अभी बारिश के आसार बेहद कम हैं और लक्षण को देखते हुए इसकी विदाई भी राज्य से जल्दी ही शुरू होने की उम्मीद है।

# कंडेल में कालेज भवन की मांग

**धमतरी।** जल जगार महोत्सव में नहर सत्याग्रह के प्रणेता महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव के प्रपौत्र यतीश भूषण श्रीवास्तव का सम्मान मुख्यमंत्री ने किया है। मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र यतीश भूषण को सौंपते हुए बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव को याद किया। वहीं कंडेल से कार्यक्रम स्थल पहुंची 109 साल की महिला राम्हीन प्रजापति से मुलाकात कर 1920 में महात्मा गांधी के आगमन की जानकारी ली। इस अवसर पर कंडेलवासियों ने मुख्यमंत्री से कंडेल में महाविद्यालय भवन की मांग की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आवेदन सौंपकर बताया कि कंडेल में महाविद्यालय का संचालन हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में होता है। करीब 200 छात्र यहां पढ़ाई कर रहे हैं। कालेज भवन नहीं होने से छात्रों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कालेज भवन निर्माण का आश्वासन दिया है।

## गुजरा में रामधुनी सम्मेलन 8 से

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम गुजरा में ग्रामवासियों के सहयोग से अखंड रामधुनी सम्मेलन का आयोजन 8 से 11 अक्टूबर तक किया जा रहा है। झांकी में 3001 व गायन पक्ष में 2501 रुपए प्रदान किया जायेगा। इस सम्मेलन में दूरदराज की ख्यातिप्राप्त मंडली भाग लेंगी। पंचमी से अष्टमी तिथि तक चलने वाली इस रामधुनी में 24 घंटे श्रीराम का जाप किया जायेगा। शीतला माता मंदिर में 45 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है।



## डोंगरगढ़ मंदिर परिसर में मची भगदड़ से बागतराई की महिला की मौत

**धमतरी।** डोंगरगढ़ मंदिर परिसर में 5-6 अक्टूबर की दरम्यानी रात मची भगदड़ में भखारा क्षेत्र की एक महिला की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बागतराई (कुर्रा भखारा) निवासी मदनलाल साहू का परिवार रायपुर से गांववालों के साथ डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी का दर्शन करने गया था। 5- 6 अक्टूबर की मध्य रात्रि मंदिर परिसर में भगदड़ मचने से मदनलाल साहू की पत्नी सोनिया साहू उम्र लगभग 35 वर्ष की दबकर मौत हो गई। पड़ोसी पूनाराम ने बताया कि मदनलाल साहू उनके गांव का है और रायपुर में रहकर ऑटो चलाता है। शुक्रवार को उनका परिवार गांव आया था। शाम को चला भी गया। शनिवार को उनका परिवार एवं गांव के कुछ लोग ऑटो में रायपुर से डोंगरगढ़ मंदिर दर्शन के लिए गये थे।

## पेज 9 के शेष

### परशुराम संवाद,...

व्यापारी संघ, के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें प्रमुख रूप से रंजीत दवानी, अजय मंधानी, कैलाश बलानी, सृजन छाबड़िया, इंदर चंद थारानी, देवेंद्र भृगु, महेंद्र अग्रवाल, दीपक मल, सुरेश जोशी एवं मनमीत सलूजा उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी व्यापारिक प्रतिनिधियों ने रामलीला को भरपूर सहयोग देने में प्रतिबद्धता दिखाई, रामलीला के मंचन की प्रशंसा भी की। रामलीला में रामायण के पात्रों को निभाने वाले कलाकार जो स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी है उन्हें संजय जोशी एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रकाश इंडस्ट्रीज चाम्पा के द्वारा सम्मानित किया गया। सभी कलाकारों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि नकद देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए संजय जोशी ने कहा कि अपने जीवन में भगवान राम को अपना मान लो तो भगवान राम आपको अपना मान लेंगे। इसके बाद आपको किसी भी प्रकार की तनाव व चिंता की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। विद्यार्थियों को शिक्षा के बारे में जोर देते हुए कहा कि आप बहुत मन लगाकर पढ़े इससे आपके परिवार समाज एवं देश का विकास होगा यदि आप रामलीला में काम करने के बाद भविष्य में अपने करियर में मजबूत बनते है तो रामलीला के हित का हमेशा ध्यान रखें एवं अपने माता-पिता व परिवार के बड़ों का सदा सम्मान करें। रामलीला आयोजन समिति को उन्होंने सादर धन्यवाद दिया की उन्हें इस मंच पर आने का मौका दिया गया। इस अवसर पर जोशी परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### ओबीसी सर्वे से ...

निर्देश दिए गए हैं। जिलों से प्राप्त प्रविष्टियों को आयोग की वेबसाइट में संकलित किया गया है। जिसके आधार पर प्रत्येक जिले में पिछड़े वर्गों की परिवार संख्या तथा कुल जनसंख्या के अनंतिम आंकड़े आयोग को प्राप्त हो गये हैं।

### ब्लाक स्तरीय युवा...

विकास होता है। प्रतियोगिता में विशेष रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस. के. गेंदले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दामाखेड़ा के प्राचार्य संजय श्रीवतास्तव आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिमगा के प्राचार्य अशीष शर्मा और युवा सांसद कार्यक्रम के विकासखंड नोडल अधिकारी भास्कर साहू व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औरठी चयन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में प्रतियोगिता संपन्न हुई। दोनों ही टीमों ने अपनी बेहतर प्रस्तुति दी। विकास खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा दोनों ही विद्यालयों के टीम के लिए सम्मान पत्र और मोमेंटो प्रदान किया गया।

### सूने मकान में...

व नकद रकम किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लेने की जानकारी हुई। रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवचना में लिया गया। जांच के दौरान घटना स्थल ग्राम देवरानी जाकर वैज्ञानिक अधिकारी के साथ साक्ष्य एकत्रित कर आरोपियों की पतासाजी कर संदेही बालक तथा अश्वनी चतुर्वेदी निवासी पटपर भाटापारा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों ने प्रार्थी के घर चोरी करना अपराध स्वीकार किया। आरोपी अश्वनी चतुर्वेदी एवं विधि से संघर्षरत किशोर के मेमोरण्डम कथनानुसार चोरी गई मशरूका में से बंटवारा में पाए नकदी 4600रु एवं 5600रू को अपने पास रखना बताया। पेश करने पर बरामद किया गया । बचत सभी रुपए तथा सोने- चांदी के जेवर को जीवराखन चतुर्वेदी अपने पास रखना बताढ।, सूने मकान में चोरी की घटना को अंजाम देने में उपयोग किये गये लोहे का सुम्बा, पेचकस, मोबाइल एवं मोटरसायकल को जब्त कर लिया गया।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 7 अक्टूबर 2024

अंचल शक्ति की भक्ति में डूबा, संयंत्र परिसर... 12



विद्यार्थियों ने निकाली जागरुकता रैली... 12





# अवैध अस्पताल, पैथोलैब और अस्पतालों में दबिश, निशा क्लिनिक सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

संयुक्त टीम ने आज निजी क्लीनिकों, पैथो लैब व अस्पतालों में दबिश दी। बिना अनुमति चल रहे निशा क्लीनिक सोनाखान को सील कर दिया। कार्रवाई से झोलाछाप डाक्टरों व अनुमति पंजीयन कार्य करने वालों में हड़कंप है।

जिले में अवैध झोलाछाप डॉक्टरों पर नकेल कसने के लिए जिला कलेक्टर दीपक सोनी ने बिना किसी वैध अनुमति से संचालित निजी अस्पताल, क्लीनिक और पैथोलॉजी लैब सेंटरों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। अनुभाग गिरौदपुरी के अन्तर्गत सोनाखान तहसील में अवैध रूप से संचलित क्लीनिक, हॉस्पिटल, पैथोलॉजी लैब एव झोलाछाप डॉक्टरों का एसडीएम, बीएमओ व एसडीओपी की संयुक्त टीम बनाई गई। एसडीएम गिरौदपुरी रामरतन दुबे के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम द्वारा औचिक निरीक्षण कर कार्रवाई की गई। इससे पहले भी कसडोल बीएमओ डॉ.रविशंकर अजगले द्वारा निरीक्षण एवं नोटिस देकर अंतिम चेतावनी दी गई थी। झोलाझाप डाक्टरों द्वारा क्लीनिक, हास्पीटल, पैथोलॉजी लैब संचालक द्वारा फिर से खुलेआम किया जा जा रहा है। खण्ड चिकित्सा अधिकारी श्री अजगल्ले ने बताया की संयुक्त टीम ने शनिवार को सोनाखान क्षेत्र अन्तर्गत छापा मारते हुए त्वरित कार्रवाई की गई।

## झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई से मचा हड़कंप

### यहां हुई कार्रवाई

अनुभाग गिरौदपुरी अन्तर्गत सोनाखान, भूसडीपाली, अर्जुनी में निशा क्लिनिक, पटेल क्लिनिक ,आशीर्वाद पैथोलॉजी, शिवम क्लिनिक में दबिश दी गई। नर्सिंग होम एक्ट के तहत पंजीयन, डिग्री एवं आवश्यक कागजात न होने के कारण सोनाखान में निशा क्लीनिक को सील किया गया है। निरीक्षण के दौरान अधिकतर क्लीनिक बंद मिले।



### संयुक्त टीम में ये रहे शामिल

कार्रवाई के दौरान बीएमओ डॉ. रविशंकर अजगल्ले, निवेश कोरेटी, तहसीलदार सोनखान, हमेश साहू नायब तहसीलदार सोनाखान, डॉ. रवि सेन, संजय कुमार केवर्त्य, चौकी सोनाखान, कोटवार, ग्राम सोनाखान सहित अन्य शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### देसी, विदेशी शराब जब्त तीन कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार।** जिला आबकारी विभाग द्वारा 32.04 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला सहित 7.20 बल्क लीटर नॉन ड्यूटी पेड गोवा विदेशी मदिरा जब्त किया गया है। जिसमें 5 अक्टूबर को ग्राम लिमतरा में प्रेम कुमार निषाद से 115 नग कुल मात्र 20.70 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया है। इसी तरह भाटापारा के सलोनी निवासी हरबंश कुर्रे से 63 नग कुल मात्र 11.34 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया। दतरेंगी निवासी परसराम यादव से40 नग कुल मात्र 7.20 बल्क लीटर नॉन ड्यूटी पेड गोवा विदेशी मदिरा जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 59(क) एवं छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 59(क) 36 का प्रकरण कायम कर न्यायलायिन अभिरक्षा में जेल भेजा गया और प्रकरण विवेचना में लिया गया। कार्रवाई में इनका रहा योगदान उक्त कार्रवाई में जलेश सिंह, दिनेश कुमार साहू, देवनंदन सिंह टंडन, राधा गिरी गोस्वामी, कमल का योगदान रहा।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** पिथौरा थाना पुलिस ने बया रोड मंदिर के पास किशनपुर जाने कच्ची रास्ता में अवैध महुआ शराब जप्त किया है। पुलिस ने बताया है कि आरोपी कविलाल बरिहा पिता टेकडू बरिहा (50 साल) निवासी रामपुर के कब्जे से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब 3 लीटर कीमत 600 रुपए को बरामद कर 34(1)क आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### ट्रांसफार्मर से भरे ट्रक में मिला 25 लाख से ज्यादा का गांजा



**महासमुंद।** ट्रक में ट्रांसफार्मर के नीचे गांजा की तस्करी करने के मामले में बागबाहरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने ट्रक से 170.56 किलो गांजा कीमत 25 लाख 58 हजार 400 रुपए को जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर सूचना से मिलने पर कोमाखान बागबाहरा मुख्य मार्ग किनारे स्थित रामदेव राजस्थानी ढाबा के पास ट्रक वाहन क्रमांक आरजे 52 जीए 6933 की तलाशी की ली गई। तलाशी लेने के दौरान वाहन के पिछले हिस्से में लगे तिरपाल को हटाए जाने पर पुराने ट्रांसफार्मर के साथ 6 अलग-अलग सफेद रंग की बोरियों में छिपाकर रखे गये 170.56 किलो मादक पदार्थ गांजा कीमत 25,58,400 रुपए को बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गिरिराज रेगर पिता भैरू राम रेगर (27 साल) बिहाझर, थाना विराटनगर, जयपुर, राजस्थान का होना बताया। मौके पर आरोपी को गांजा रखने परिवहन करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं होना बताया गया। पुलिस ने गांजा के अलावा ट्रक कीमत करीबन 15,00,000 रुपए, 26 नग पुराना ट्रांसफार्मर कीमत करीबन 9,20,000 रुपए, मोबाइल फोन कीमत करीबन 20,000 रुपए, नगद रकम 3100 रुपए को बरामद किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 20 (बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## आयोजन : आदर्श रामलीला नाटक मंडली के मचण का 105 वें वर्ष का तीसरा दिन

# रामलीला में परशुराम संवाद, केंवट प्रसंग सीताहरण व जटायुमरण की दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

आदर्श रामलीला नाटक मंडली में भाटापारा रामलीला मंचन के तीसरी दिवस की रामलीला में परशुराम लक्ष्मण संवाद, केंवट प्रसंग, सूर्पणखा संवाद, सीता हरण एवं जटायु मरण की शानदार मनमोहक लीला दिखाई गई। जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शके मौजूद रहे। परशुराम लक्ष्मण संवाद ने समां बांधा वही मार्मिक प्रसंग केंवट संवाद ने लोगों का मनमोहा, सूर्पणखा संवाद ने लोगों को खूब हँसाया। रावण और जटायु के शानदार अभिनय को लोगों ने सराहा।

- संजय जोशी परिवार हुआ आरती में शामिल

आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा के 105 वें वर्ष के तृतीय दिवस की भगवान श्रीराम लक्ष्मण सीताजी की आरती में पोहा मिल,दाल मिल, राइस मिल एसोसिएशन, अभिकर्ता संघ, किराना ▶▶ शेष पेज 10 पर

### 12 वर्षो तक रहे राम आज बने रामलीला के प्रमुख सहयोगी





### जोशी ने 12 सालों तक राम का किरदार निभाया

संजय जोशी भाटापारा की रामलीला में सन 1976 से 1988 तक लगभग 12 वर्षों तक भगवान श्री राम का किरदार निभाया और भगवान के चरित्रों का प्रचार प्रसार किया। आज भगवान की कृपा से प्रकाश इंडस्ट्रीज चाम्पा के एग्जीक्यूटिव डारेक्टर हैं। भगवान राम की लीला संचालन में प्रमुख सहयोगी बनकर भाटापारा रामलीला संचालन का महत्त्वपूर्ण अंग है।

## जूनियर नेशनल कुराश चैम्पियनशिप

# भाटापारा के खिलाड़ियों ने जीते दो कांस्य पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ के कुराश खिलाड़ियों ने अपने उच्चतम खेल का प्रदर्शन करते हुए नूरपुर हिमाचल प्रदेश में 1 से 3 अक्टूबर तक आयोजित हुई जूनियर नेशनल कुराश चैम्पियनशिप में 2 कांस्य पदक अपने नाम किया है। पदक विजेता खिलाड़ियो में अंकित दिवाकर 60 किग्रा, आयुषी ध्रुव ने 48 किलोग्राम वजन में कांस्य पदक जीता है। पदक विजेता खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ ओलिम्पिक संघ उपाध्यक्ष शरद शुक्ला , छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन अध्यक्ष बैजनाथ गुप्ता , छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन सचिव आदित्य सिंह ,छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन कोषाध्यक्ष आशीष यादव निलेश यादव उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन ,चीफ कोच जगदीश चौधरी ,टेक्निकल चेयरमैन वर्षा मिरी सहसचिव पूनम अहीर , छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन सदस्य ओम मिश्रा , जी अजित ,सुकलाल यदु , गौतम मिरी , गोपी देवांगन , सरस्वती यादव , रमा टण्डन ने खिलाड़ियो को भविष्य में और शुभकामनाएं देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

- नूरपुर हिमाचर प्रदेश में एक से तीन अक्टूबर का प्रतियोगिता का आयोजन
- अंकित ने 60 किग्रा, आयुषी 48 किग्रा वर्ग में रहीं उपविजेता

### चैतन्य देवियों की झांकी कल से

**बलौदाबाजार।** नवरात्रि पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हिरमी के तत्वावधान में 8 से 11 अक्टूबर तक देवियों की झांकी का भव्य आयोजन ब्रह्माकुमारी केंद्र राजयोग भवन में किया जा रहा है। झांकी प्रतिदिन सायं 6:30 से रात्रि 9:30 बजे तक आम जनता के दर्शनार्थ खुली रहेगी। लाइट साउंड युक्त इस झांकी का प्रत्येक शो 20 मिनट का रहेगा। समस्त क्षेत्रवासियों से सपरिवार झांकी दर्शन का लाभ लेने की अपील है कि गई है। झांकी के बाद 13 अक्टूबर से 11 दिवसीय राजयोग शिविर का आयोजन भी किया गया है।

# ओबीसी सर्वे से वंचित व्यक्ति आठ अक्टूबर तक भर सकेंगे अब फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

राज्य शासन द्वारा प्रदेश में पिछड़े वर्गों की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक स्थिति के लिए ओबीसी सर्वे कार्य किया गया है। ओबीसी आयोग ने निर्णय लिया है कि जिले में किसी पिछड़े वर्ग परिवार के व्यक्तियों का नाम छूट गया है तो ऐसे व्यक्ति व परिवार 8 अक्टूबर तक संबंधित नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत तथा जनपद पंचायत के अधिसूचित नोडल अधिकारी से संपर्क कर ओबीसी सर्वे फॉर्म के 54 कॉलम का फार्म में व्यक्तिगत जानकारी भरकर जमा कर सकता है। जिला प्रशासन ऐसे छूटे हुए परिवारों के आंकड़ों को सम्मिलित कर प्रविष्टि 10 अक्टूबर तक वेबसाइट में पूर्ण करेंगे। तदोपरांत प्राप्त आंकड़ों को अंतिम माना जाएगा। आयोग द्वारा पिछड़े वर्ग समुदाय के परिवार व सदस्यों के संबंध में सर्वे के निर्देश जिला कलेक्टरों को कार्यालयीन पत्र द्वारा 54 कॉलम के प्रपत्र में जानकारी संकलित कर आयोग को प्रेषित करने के ▶▶ शेष पेज 10 पर

- 54 कॉलम का फार्म में व्यक्तिगत जानकारी भरकर जमा करना होगा

# सूने मकान में चोरी, आरोपी और अपचारी किशोर पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

सूने घर का शटर तोड़ने वाले एक आरोपी व अपचारी किशोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों से पुलिस ने नकद 10 हजार से अधिक बरामद किया है। इसके अलावा उनकी निशानदेही पर सुम्बा, पेचकस, मोबाइल एवं मोटरसायकल को बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार घर के शटर का ताला तोड़कर 4 अक्टूबर को आलमारी में रखे सोने- चांदी का जेवर, नकद रकम 65000 रुपए कुल 3 लाख 78 हजार 500 रुपए चोरी होने की शिकायत प्रार्थी संजय वर्मा द्वारा सुहेला पुलिस थाने में दर्ज कराई गई थी। प्रार्थी के अनुसार वह बीमार पुत्री का ईलाज कराने रायपुर गया था। आयुष्मान कार्ड की आवश्यकता होने पर पर शनिवार को वापस घर आया था। घर की शटर टूटा मिला। आलमारी में रखे जेवरात ▶▶ शेष पेज 10 पर

- वारदात में शामिल लोगों से 10 हजार से अधिक नकद बरामद
- चोरी में प्रयुक्त सुम्बा, पेचकस, मोबाइल एवं मोटरसायकल को किया जब्त



### आयुष्मान कार्ड लेने आया तो पता चला

प्रार्थी ने बताया कि वह पुत्री का इलाज कराने रायपुर गया था। अस्पता में आयुष्मान कार्ड की मांग की गई थी। इस पर वह आयुष्मान कार्ड लेने घर आए तो देखा की शटर का ताला टूटा है। अंदर देखा कि आलमारी में रखे नकद, जेवरात गायब है। इस पर थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराया।

## विद्यार्थियों को भारतीय संसदीय संस्थाओं की कार्य पद्धति का व्यावहारिक अनुभव कराया

# ब्लाक स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में उमावि विश्रामपुर रहा विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विकासखंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर में किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को संसदीय प्रक्रिया से अवगत कराना है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केसदा रहा।

- द्वितीय स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केसदा ने हासिल किया



छात्र–छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, अध्यक्ष आदि की भूमिका बहुत अच्छे से रोल प्ले किया। युवा संसद प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संसदीय संस्थाओं की कार्य पद्धति का व्यावहारिक अनुभव करना एवं भावी मतदाता के मानस में लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना के साथ–साथ परस्पर स्वस्थ एवं अनुशासित चर्चा के माध्यम से समाधान प्राप्ति के सर्वाधिक सरल स्वीकार्य मार्ग की महत्ता से परिचित कराना है। युवा संसद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों में निर्णय लेने की क्षमता, वाद विवाद की क्षमता, पक्ष विपक्ष को सुनने की क्षमता, जन समस्या का निवारण ,एक दूसरे के प्रति सम्मानजनक भाषा का प्रयोग आदि गुणों का ▶▶ शेष पेज 10 पर

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निजाम सिंह वर्मा प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केसदा, शत्रुघ्न देवांगन प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर ,शिक्षकगण निशा रॉबिंसन, कुमारी वंदना कनोजे, अमित मार्टिन ,कुमारी तुलेश्वरी कुर्रे, रितेश सोनकर , संगीता कौशिक , रिंकू साहू, वीरेंद्र महिलागें, कुमारी हेमा साहू, अलिस्बा दास, कुमारी अंजनी , व्याख्याता, गोविंद निषाद , गंगा शर्मा, श्वेता वर्मा, आरती वर्मा, यामिनी वर्मा, सुषमा ,नीलू प्रमुख रूप से उपस्थित थे। नीलू आदिल आदि उपस्थित थे।

### आज संडी बंगला में होगा डीजे डांस प्रतियोगिता

**संडी बंगला।** नवरात्रि पर सोमवार को ग्राम संडी बंगला में भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन कसडोल विधायक संदीप साहू के मुख्य आतिथ्य में होगा। आयोजक समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया है कि रात 8 बजे से आयोजित प्रतियोगिता सामूहिक, युगल, एकल तीनों वर्गों में होगी। जिसके लिए सामूहिक में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 20 हजार रुपए, द्वितीय 15 हजार रुपए, तृतीय 10 हजार रुपए,चतुर्थ को 5 हजार रुपए, पंचम को 2500 रुपए से पुरस्कृत किया जाएगा। युगल व एकल के प्रथम प्रतिभागी को 8888 रुपए , दूसरा को 5555 रुपए, तीसरे को 3333, चतुर्थ को 2222 तथा पंचम को 1111 रुपए की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

खबर संक्षेप



## पंचमी पर मां स्कंदमाता का करेंगे विशेष श्रृंगार

**सुहेला।** नवरात्रि पूजा का विशेष महत्व होने की जानकारी देते हुए पंडित ललित शर्मा ने बताया कि पंचमी को मां स्कंदमाता रूप का विशेष श्रृंगार करके पूजा की जाएगी। इनकी उपासना करने से भक्तों के सभी दुख–दर्द दूर होते हैं।जीवन में सुख–समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस दिन मां स्कंदमाता का ध्यान करके भक्तजन जीवन में आने वाली कठिनाइयों से पार पाने की प्रार्थना करते हैं। जिससे श्रद्धा से पूजा करने पर माता मनोकामना पूर्ण करती है। इस प्रकार नवरात्रि के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है, जो जीवन में ज्ञान, विवेक और संतान सुख की कामना को पूर्ण करने के लिए किया जाता है। भक्तों को इस दिन मां का ध्यान करने से अपार लाभ मिलता है। उनके जीवन में उज्ज्वलता का संचार होता है। नवरात्रि के पावन पर्व में क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

## ब्लेलॉक में एक दिवसीय गरबा का आयोजन

**महासमुंद।** शहर के ब्लेलॉक शाला प्रांगण में 05 अक्टूबर एक दिवसीय गरबा का आयोजन किया गया। गरबा का प्रारंभ कलश स्थापित कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बच्चों व शिक्षकों द्वारा विभिन्न गीतों में मनमोहक नृत्य किया गया। शाला प्रांगण में गरबा के आयोजन से वातावरण अत्यंत संगीतमय हो गया था। सभी शिक्षक और बच्चों द्वारा किया गया गरबा नृत्य मनो को लुभाने वाला था। बच्चों को एक दिन पूर्व विभिन्न गरबा संगीत में गरबा नृत्य सिखाया गया था। जिसमें ज्योतिका राजपूत, रचना दीवान, सुभाषिनी सोनी, खुशबू साहू, हिमेंद्र दीवान व अजय नायक का योगदान सराहनीय रहा। प्राचार्या कुमुद ठाकुर द्वारा शिक्षकों को आभार व्यक्त किया गया।

## पतईमाता मंदिर में आज निकलेगी चुनरी यात्रा

**पटेवा।** क्षेत्र में शारदीय नवरात्र महोत्सव पर श्रद्धालुओं द्वारा ज्योति कलश की स्थापना की गई है। दुर्गा पंडालों में विराजित माता के दर्शन के लिए प्रतिदिन लोगों का तांता लगा हुआ है। पतईमाता पहाड़ी में मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा 556 ज्योति कलश, छछान मंदिर नवागांव में 130, मुंगई माता में भी ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है। पतई माता मंदिर समिति के लक्ष्मण पटेल, सुरेंद्र सिंह, हरीश देवांगन, सीताराम ध्रुव, जानु राम ध्रुव, खोम सिन्हा, किशुन, आशीष, तुकेश्वर, दल्लू राम रामकुमार ने बताया कि 7 अक्टूबर जोगीडीपा से पतईमाता मंदिर तक 351 मीटर चुनरी यात्रा निकाली जाएगी, जिसकी तैयारी की जा रही है।

## 12 को मनाया जाएगा दशहरा उत्सव

**महासमुंद।** दशहरा उत्सव 12 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इसी तरह अष्टमी का पर्व 11 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन सुबह 8 बजे से नगर की कुल देवी मां महामाया में हवन किया जाएगा। दशहरा उत्सव को लेकर नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी ने बताया कि श्रवण नक्षत्र युक्त दशमी तिथि में विजय दशमी का पर्व मनाया जाता है। यह योग 12 अक्टूबर को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि 12 अक्टूबर को श्रवण नक्षत्र सुबह 5.24 से रात्रि 4.27 तक है। इसी तरह दशमी तिथि 10.58 से शुरू हो रहा है। दोनों संयोग के कारण दशहरा पर्व 12 अक्टूबर को मनाया जाना चाहिए।






# अंचल शक्ति की भक्ति में डूबा, संयंत्र परिसर में हुआ सुंदरपाठ का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अंचल शक्ति की भक्ति में डूबा है। नवरात्रि के दौरान विविध आयोजन किए जा रहे हैं। संयंत्र परिसर में सुंदरकांड का पाठ किया गया। अल्ट्राटेक सीमेंट सयंत्र इकाई कुकुरदी सीमेंट वर्क्स में विगत दिनों से नवरात्रि महोत्सव मनाया जा रहा है। सयंत्र परिसर में शनिवार के दिन सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया गया। ज्योत जलाकर देवी मां की पूजा अर्चना की गई। सयंत्र के कर्मचारियों द्वारा मंदिर प्रागण में एक पेड़ माँ के नाम के तहत फलदार पौधों का रोपण किया गया। अल्ट्राटेक सीमेंट सयंत्र इकाई कुकुरदी सीमेंट वर्क्स के इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी ने पर्यावरण व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सयंत्र के लिए माँ दुर्गा जी की पूजा अर्चना की साथ ही पौधारोपण किया। प्रयोजना प्रमुख केशव नागोरी ने पौधों के औषधीय महत्व के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर तकनीकी प्रमुख अभिजीत जोशी ने कहा कि पौधों से ही स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण का निर्माण होता है। वाणिज्य प्रमुख एवं हनुमान मंदिर कुकुरडी सीमेंट वर्क्स के सेकेट्री शिवम पोरवाल ने सुन्दरकांड पाठ का वर्णन किया और उसे हमारे आध्यात्मिक जीवन का हिस्सा बताया। खदान प्रमुख मयंक सैनी ने खदान एवं संयंत्र परिसर में लगभग 21 हजार से ज्यादा पौधारोपण किए जाने की सराहना की।

### परिसर में कर्मचारियों ने एक पेड़ मां के नाम पर लगाए फलदार पौधे



#### इनका रहा योगदान

मानव संसाधन विभाग प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह, पर्यावरण प्रमुख अभिषेक मिश्रा एवं सिविल प्रमुख प्रीतम जक्कनवार ने मानव जीवन एवं पर्यावरण में पौधारोपण के महत्व के बारे मे बात की। प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। नवरात्रि उत्सव एवं पौधारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंदिर कमेटी, हॉर्टीकल्चर से इन्दु जांगड़े, सीएसआर विभाग से रूपेन पटनायक का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**आयोजन :** वन विभाग मना रहा वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह

# विद्यार्थियों ने निकाली जागरुकता रैली निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विद्यार्थियों ने रैली निकालकर लोगों को वन्य प्राणियों के संरक्षण को लेकर संदेश दिया। विद्यार्थियों के लिए चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेताओं को जंगल सफारी रायपुर का भ्रमण कराया जाएगा।

वनमंडल बलौदाबाजार के अंतर्गत बार नयापारा अभयारण्य में 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है। वन मंडलाधिकारी मयंक अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य आनंद कुदरया के मार्गदर्शन में स्कूली छात्राओं के लिए चित्रकला व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चयनित छात्राओं को जंगल सफारी रायपुर का भ्रमण कराया जाएगा। छात्राओं ने जन जागरुकता के लिए रैली भी निकाली।

वन विभाग द्वारा जन जागृति संदेश दिया जा रहा है। इसी कड़ी में 5 अक्टूबर को बारनवापारा अभयारण्य के मिडिल एवं हाई/हायर सेकण्डरी स्कूलों के विद्यार्थियों एवं वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा जन जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। बारनवापारा से 300 विद्यार्थी, चरौदा से 102 विद्यार्थी रैली में सम्मिलित हुए। रैली के बाद स्थानीय वन कार्यालय बारनवापारा अभयारण्य के मीटिंग हॉल में नियत समय दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गई। प्रतियोगिता में मीडिल/हाई/ हायर सेण्कडरी स्कूल बारनवापारा के 45 विद्यार्थी एवं मिडील स्कूल चरौदा के 24 विद्यार्थी तथा मिडील स्कूल चरौदा ढेबीखार के 30 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के समापन पर प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण के साथ ही साथ जंगल सफारी नवा रायपुर का भी भ्रमण कराया जाएगा।



■ विजेताओं को जंगल सफारी रायपुर का कराया जाएगा भ्रमण




#### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर आनंद कुदरया अधीक्षक बारनवापारा अभयारण्य, सुनील खोब्रागड़े परिक्षेत्र अधिकारी बारनवापारा,गितेश बंजारे सहायक परिक्षेत्र अधिकारी बारनवापारा,गोपाल प्रसाद वर्मा, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी रामपुर सुर्यप्रकाश जाधव, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी चरौदा,कपुरचंद्र बरिहा,सहायक परिक्षेत्र अधिकारी आमगांव,नेहरूराम निषाद वन रक्षक,नंदू बघेल,रविश्वर मिरी परिसर रक्षी बारनवापारा एवं कुमारी पूर्णिमा वर्मा,परिसर रक्षी हरदी एवं बारनवापारा अभयारण्य के समस्त स्कूल स्टॉफ के साथ वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण ठाकुर सहित समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# ट्रेलर में घुसी बाइक 2 सवार हुए घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| टुण्डरी

ट्रेलर की चपेट में आने से दो बाइक सवार घायल हो गए हैं। घायल को बिलाईगढ़ में प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रिफर किया गया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। आंधे घंटे की समझाइश के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

जानकारी के अनुसार ग्राम परसापाली निवासी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10 ईएच 6217 में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। तभी टुण्डरी नहर के पास ट्रेलर के पीछे साइड बाइक घुस गई, इससे उसमें सवार घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। दोनों ग्राम परसा पाली बिलाईगढ़ निवासी होने की बात कही जा रही है। दोनों को बिलाईगढ़ अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर किया।

■ घायलों को बिलाईगढ़ में उपचार के बाद बिलासपुर रिफर किया गया

#### आक्रोशित लोगों ने किया चक्काजाम

हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम कर दिया। इससे वाहनों की कतार लगना शुरू हो गई। जानकारी मिलने के बाद बिलाईगढ़ थाने की टीम ने आकर चक्काजाम को हटाया। आधे घंटे बाद यातायात को बहाल किया जा सका।

## मां शारदा मंदिर में लग रही श्रद्धालुओं की भीड़

**महासमुंद।** मां शारदा मंदिर तुमगांव रोड में नवरात्रि का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस वर्ष यहां 161 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है। शारदा मंदिर के आचार्य श्रवण शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष शारदा मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। साथ में नित प्रतिदिन भजन संध्या का आयोजन हो रहा है। रोज मां का दिव्य शृंगार किया जाता है।

*मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम*

# स्वास्थ्य संबंधी जोखिम के बारे विद्यार्थियों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत संस्था प्रमुख मनहरण वर्मा ने बच्चों को त्योहारों से होने वाले स्वास्थ्य संबंधित जोखिम और भगदड़ के संबंध में जानकारी दी। दीपावली त्योहार में बच्चे फटाके जलाने में बहुत आनंद लेते हैं। फटाके जलते समय पैरों में चप्पल या जूते जरूर पहने। फटाके हमेशा खुले स्थान पर जलाएं। कभी भी घर के अंदर या बंद स्थानों पर फटाके न जलाएं। साथ ही आसपास देख लें कि कोई आग फैलाने वाली या फौरन आग पकड़ने वाली चीज तो नहीं है। फटाके जलते समय आसपास में पानी रखें। घर में जल जाने पर लगाई जाने वाली दवाएं भी रखें। अपने चेहरे को फटाके जलते समय दूर रखें। जल जाने पर पानी के छींटें मारे, जले स्थान पर लगातार पानी दे, हो सके और संभव हो तो इसे पानी में डूबाकर रखे 20 मिनट के बाद निकले। 10 मिनट बाद फिर पानी में डालें, यह क्रम अस्पताल पहुंचने तक जारी रखें।



#### शिक्षक ने दिया बच्चों के लिए दो वाटर कैंपर



**गोपालपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सलिहाघाट में पदस्थ शिक्षक बुद्धेश्वर कश्यप ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर विद्यालय में पूर्ण न्योता भोजन का आयोजन किया। बच्चों को स्वच्छ पानी पीने के लिए 2 नग 20 लीटर का वाटर कैंपर भेंट किया। गया। विद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार पांडेय तथा प्रधानपाठक कृष्ण लाल चंद्रा ने वाटर कैम्पर प्रदान किए जाने पर श्री कश्यप को धन्यवाद दिया।

## कबड्डी प्रतियोगिता में सिंघनपुर अव्वल, द्वितीय जमशेदपुर टीम रही

**नर्रा।** ग्राम कुसमी में जय तरियावाली एवं ग्रामवासी के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अंतरराज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कुल 40 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आनंद लेने क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। प्रतियोगिता के समापन के मुख्य अतिथि डॉ.चमन निषाद, ताराचंद पटेल, अजय देवांगन, मिलाप पटेल एवं योगराज प्लंबर ठेकेदार शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कबड्डी या किसी भी खेल में खिलाड़ियों को हमेशा खेल के भावना से खेलना चाहिए। और हार जीत लगा रहता है।

## खरोरा में 61 फीट के रावण का होगा दहन...



**खरोरा।** पिछले अनेक वर्षों की भाँति इस वर्ष भी क्रिकेट स्टार ग्रुप और प्रयास युवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में विशाल दशहरा महोत्सव का आयोजन 12 अक्टूबर शाम 5 बजे किया जाएगा। बेमेतरा से आई लीला मंडली द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। साथ कटक ओडिशा से अत्यंत आकर्षक और जबदस्त आतिशबाजी का प्रदर्शन होगा। समिति द्वारा 61 फीट विशालकाय रावण का निर्माण कराया जा रहा है। दशहरा के अवसर पर रात्रि 8 बजे जिसका दहन किया जाएगा। समिति के सदस्यगण भगवान राम एवं लंकापति रावण के रूप में अभिनय करेंगे।

## उधार के पैसे मांगने गए व्यक्ति से मारपीट

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना में उधार दिए पैसे को वापस मांगने गए एक शख्स से मारपीट किए जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। दुर्गेश गुप्ता वार्ड नं. 11 बजरंग चौक नयापारा ने पुलिस को बताया है कि वह मिठाई बनाने का काम करता है। करीबन 3 माह पूर्व आरोपी मनीराम निर्मलकर ने उसके पास से 20 हजार रुपए काम धंधा करने के नाम पर लिए थे। पैसा वापस मांगने पर आज कल दूंगा कहकर आनाकानी करता था। 5 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे मनीराम निर्मलकर ने उसे उधारी का पैसा वापस करूंगा कहकर अपने घर दलदली रोड महासमुंद बुलाया था, जब प्रार्थी उसके घर पहुंचा तो आरोपी नशे की हालत में था और उसने गाली गलौज करते हुए बार-बार पैसा मांग कर परेशान करता है कहकर लकड़े के डंडे से सिर में मारकर चोट पहुंचाया और जान से मारने की धमकी दी।

### ग्रामसभा में स्वच्छता की दिलाई गई शपथ

# स्वच्छता पखवाड़े में उत्कृष्ट कार्य करने वालीं महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम पंचायत मोहभट्टा में अनिवार्य ग्रामसभा की बैठक में उपस्थित सदस्यों को पंचायत सचिव कमल साहू द्वारा स्वच्छता का शपथ दिलाई गई। जिसमें ग्रामीणों के द्वारा वर्ष में 100 घंटे श्रमदान करने और अन्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया गया। तत्पश्चात ग्राम सभा के समक्ष पंचायत सचिव द्वारा बताया गया कि 14 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा में विशेष रूप से स्वच्छता के कार्य करने वाले महिला समूह एवं भारत माता वाहिनी दल के महिला सदस्यों पदाधिकारी जिसमें अंजू यादव, नेहा वर्मा, गायत्री यदु, सरिता यादव, निरूपमा वर्मा की सक्रिय रूप से भागीदारी रही,जिसके लिए उनका सम्मान किया जाएगा। ग्रामसभा के समक्ष सरपंच मोहभट्टा अमरीका महिलांग ने इन लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सचिव द्वारा आभार व्यक्त करते हुए इसी प्रकार से आगामी सभी ग्रामसभा बैठकों में उपस्थित होने के लिये ग्रामीणों से अपील की गई है।



## बेमचा के स्कूल से 25 हजार के सामान की चोरी

**महासमुंद।** बेमचा के स्कूल से 25 रुपए के सामान की चोरी का मामला सामने आया है। स्कूल के प्राचार्य ने घटना की रिपोर्ट सिटी कोतवाली महासमुंद में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि शासकीय उच्च माध्यमिक शाला बेमचा में प्राचार्य सोहनलाल पाटकर पिता चिंताराम पाटकर ने घटना को रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सुबह करीब 8 बजे फोन के माध्यम से स्कूल स्टाफ शिक्षक खेमराज साहू के द्वारा पता चला कि हायर सेकंडरी स्कूल बेमचा के अतिरिक्त भवनों का ताला टूटा हुआ है और अतिरिक्त स्कूल भवन में लगे सीलिंग पंखे एवं खेल सामग्री को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। प्राचार्य ने पुलिस को बताया कि स्कूल जाकर देखने पर पता चला कि 4 अक्टूबर की दरमियानी रात में अज्ञात लोगों द्वारा ताला आदि तोडकर 7 कमरों से पंखे एवं खेल सामान की चोरी कर ली गई है।